आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत हमारा संकल्प है और इसे पूरा करने के लिए शिक्षा, कौशल और आधारभूत विकास सहित हर क्षेत्र में तेज गति से काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने आज ओडिशा के झारसुगुडा से 60 हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने 97 हजार पांच सौ से अधिक स्वदेशी फोर–जी मोबाइल टावरों का उद्‌घाटन किया। ये टावर स्वदेशी तकनीक से लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने है। जन सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये आत्मनिर्भर भारत की ओर बढते कदम की सशक्त पहचान है कि आज चिप से लेकर शिप तक हर चीज देश में बन रही है।

0000

प्रधानमंत्री लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश से आठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के विस्तार की आधारशिला भी रखी। इनमें आईआईटी जोधपुर भी शामिल है। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा वर्चुअल माध्यम से जुडे। श्री शर्मा ने राजधानी जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विकास कार्यो से देश की प्रगति को नई दिशा मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद रहे।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जायेगा।

0000

आज विश्व पर्यटन दिवस है। यह दिवस लोगों को जोड़ने, सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास में पर्यटन के महत्व पर प्रकाश डालता है। इस वर्ष का विषय है पर्यटन और सतत परिवर्तन।

पर्यटन देश के प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में से एक है। राजस्थान की पहचान विश्व के प्रमुख पर्यटन स्थलों के रूप में होती है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेश में राजकीय संग्रहालयों और पर्यटन स्थलों पर आगन्तुकों को निशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही देशी विदेशी सैलानियों का परम्परागत रूप से स्वागत किया जा रहा है। पर्यटन स्थलों पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। इसके अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हो रही है।

00000

भरतपुर में आज से जसवंत प्रदर्शनी और पशु मेले का आगाज हुआ। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने झंडा रोहण कर मेले का आगाज किया। दस दिन तक चलने वाले इस मेले में कुश्ती दंगल, भजन संध्या, कवि सम्मेलन सहित कई आयोजन होंगे। सौ वर्षो से भी अधिक समय से लगने वाले इस मेले को लेकर राज्य के विभिन्न हिस्सों और अन्य प्रांतों से आये व्यापारियों में उत्साह है।

00000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में मौसम शुष्क रहा। बारिश का दौर पूरी तरह थमने से तापमान में बढोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पिलानी और चूरू में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सीकर के फतेहपुर, बाडमेर और जैसलमेर में भी पारा 38 डिग्री सैल्सियस के पार रहा। विभाग के अनुसार सामान्य से चार दिन पहले कल राज्य के सभी हिस्सों से मानसून विदा हो चुका है। हालांकि कल से अगले तीन दिन कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार है।

00000

पंचायती राज मंत्रालय 2 अक्टूबर से देश में जन योजना अभियान "सबकी योजना, सबका विकास" अभियान शुरू करेगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी की प्रक्रिया शुरू करेगा।

00000